निवेश प्रस्तावों पर होगी ठोस चर्चा

बार्सिलोना बिजनेस फोरम, सीएम आज मर्कानबेना से करेंगे यात्रा की शुरुआत

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 17 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पेन प्रवास का तीसरा दिन 18 जुलाई को दिन की शुरुआत बार्सिलोना के प्रमुख समुद्री और लॉजिस्टिक्स केंद्र मर्कारबेना के भ्रमण से होगी, जो यूरोप का एक प्रमुख आपूर्ति श्रृंखला हब माना जाता है. इस भ्रमण के दौरान लॉजिस्टिक्स सेक्टर में मप्र की संभावनाओं को समझने और यूरोपीय मॉडल से सीखने का अवसर प्राप्त होगा.

इसके बाद इन्वेस्ट इन मप्र थीम पर केन्द्रित बार्सिलोना बिजनेस फोरम का आयोजन होगा, जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्पेनिश उद्योग जगत, कॉरपोरेट समूहों और संस्थागत निवेशकों के समक्ष मप्र की निवेश क्षमताओं को प्रस्तुत करेंगे. इस फोरम में प्रदेश की औद्योगिक नीतियां, प्राथमिक सेक्टर, अधोसंरचना परियोजनाएं और ग्लोबल पार्टनरशिप मॉडल पर विशेष फोकस रहेगा.

बिजनेस फोरम के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न उद्योगपतियों, व्यापारिक प्रतिनिधियों और संभावित निवेशकों से वन-टू-वन बैठकों के माध्यम से सीधा संवाद करेंगे. इन बैठकों का उद्देश्य व्यक्तिगत निवेश प्रस्तावों पर ठोस चर्चा करना और नीति से लेकर ज़मीन तक की स्पष्टता देना है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर बाद बार्सिलोना के स्मार्ट सिटी एवं नवाचार केंद्रों का भ्रमण करेंगे. इस भ्रमण में शहरी प्रबंधन, हरित प्रौद्योगिकी, डेटा-ड्रिवन सर्विस मॉडल और स्टार्टअप सहयोग से संबंधित अवधारणाओं का अवलोकन किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस दौरान मध्यप्रदेश के स्मार्ट सिटी मॉडल के लिए संभावित तकनीकी साझेदारियों की भी जानकारी लेंगे.

> इसके बाद होटल इंटरकॉन्टिनेंटल में पुनः कुछ महत्वपूर्ण वन-टू-वन बैठकों का दौर चलेगा, जिसमें निवेश प्रोत्साहन विभाग के साथ मिलकर प्रदेश के प्रतिनिधि संभावित सहयोग की दिशा तय करेंगे. दिन का समापन प्रवासी एवं फ्रेंड्स ऑफ मप्र समारोह के साथ होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव यूरोप में बसे प्रवासी भारतीयों, व्यवसायियों और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों से आत्मीय संवाद करेंगे. इस आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के प्रति प्रवासी समुदाय की प्रतिबद्धता को सम्मान देंगे और उन्हें राज्य की विकास यात्रा में सहभागी बनने का आमंत्रण देंगे.

स्कूल से 9 टीचर गायब

6 अतिथि शिक्षक भी अनुपस्थित, नोटिस जारी

इछावर, 17 जुलाई. सीहोर जिले के इछावर में सरकारी स्कूलों का हाल बेहाल है. हायर सेकेंडरी स्कूल में 11 शिक्षक पदस्थ है, लेकिन सिर्फ दो ही टीचर स्कूल में नजर आए. इतना ही नहीं स्कूल में कई अनियमितताएं भी मिली. इस पर डीसीपी ने प्राचार्य को जमकर लताड़ा और अनुपस्थित शिक्षकों को शोकॉज नोटिस जारी किया है.

दरअसल, गुरुवार को डीपीसी रमेश राम उईके ने क्षेत्र के सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल खेरी का आकस्मिक निरीक्षण किया. इस दौरान डीपीसी को स्कूल में कई अनियमितताएं देखने को मिली. हैरानी की बात तो यह है कि विद्यालय में 11 शिक्षक पदस्थ है, लेकिन इनमें से स्कूल प्रभारी सहित महज 2 शिक्षक ही उपस्थिति मिले. जबकि शेष अन्य 9 शिक्षक बिना सूचना के विद्यालय से नदारद पाए गये.

> इसके अलावा सभी अतिथि शिक्षक भी अनुपस्थित मिले. इस पर डीपीसी ने सख्त नाराजगी जताते हुए प्रभारी प्राचार्य बद्री प्रसाद मालवीय को जमकर लताड़ लगाई. साथ ही सभी अनुपस्थित शिक्षकों को शो कॉज नोटिस जारी करने की बात कही. इस विद्यालय में 290 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है. जबकि शैक्षणिक स्टाफ में 11 नियमित और 6 अतिथि शिक्षक पदस्थ है.

8 सिंचाई परियोजना को केंद्र सरकार से मिली अनुमति

- जल संसाधन मंत्री ने किया था केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से अनुरोध

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 17 जुलाई. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की. मंत्री सिलावट ने केंद्रीय मंत्री से प्रदेश की आठ सिंचाई परियोजनाओं की वन एवं पर्यावरण स्वीकृति के लिए अनुरोध किया. केन्द्रीय मंत्री यादव ने सहमति देते हुए तत्संबंधी कार्रवाई करने के अधिकारियों को निर्देश दिए. इसके साथ ही आठ सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण की राह खुल गई.

मंत्री सिलावट ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने का जो सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने देखा है उसको पूरा करने और प्रदेश के हर किसान के खेत तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए, मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग प्रतिबद्ध है.

मध्यप्रदेश की जिन सिंचाई परियोजनाओं को केंद्र द्वारा वन एवं पर्यावरण संबंधी सहमति प्रदान की गई है उनमें मां रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना डबरा (दतिया), लोअर ओर वृहद परियोजना अशोक नगर एवं शिवपुरी, चेंटीखेड़ी परियोजना श्योपुर, मुंझिरी वृहद परियोजना श्योपुर, कोपरा मध्यम सिंचाई परियोजना सागर, छिंदवाड़ा कांप्लेक्स बैलेंसिंग रिजवॉयर छिंदवाड़ा, सोनखेड़ी लघु सिंचाई परियोजना बड़वानी और दामखेड़ा लघु सिंचाई योजना खरगोन शामिल है.

तय समय में प्रश्नों के जवाब विस सचिवालय को भेजें

- विधानसभा सत्र की तैयारियों की समीक्षा
- मुख्य सचिव ने अफसरों को किया सचेत

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 17 जुलाई. मुख्य सचिव अनुराग जैन ने अफसरों को चेताया है कि वे विधानसभा से जुड़ी जानकारी समय पर भेजने के मामले में कोई लापरवाही नहीं करें.

उन्होंने कहा कि कई बार समझाईश के बाद भी विधानसभा द्वारा भेजे गये सवाल के जवाब में जानकारी एकत्रित की जा रही है, जैसे रटे-रटाये शब्दों का उपयोग है, जो कि विभागों के गैरजिम्मेदाराना रवैये को दिखाता है. इस तरह के जवाब भेजने से बचें. यह बात उन्होंने गुरुवार को मंत्रालय में विधानसभा के आगामी सत्र की तैयारी और लंबित कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कही.

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि विभाग समय पर प्रश्नों के जवाब हासिल करें और उसे तय समय पर विधानसभा सचिवालय भेजें. उन्होंने बैठक में शून्यकाल, अपूर्ण उत्तर, आश्वासन, लोकलेखा समिति की सिफारिशें, विधानसभा में प्रशासनिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर चर्चा की और अफसरों से विभागों में लंबित मामलों का पूरा ब्यौरा मांगा.

स्वच्छता सेवकों का शॉल-श्रीफल से सम्मान

भोपाल. भोपाल को देश का दूसरा स्वच्छ घोषित होने पर गुरुनानक मंडल ने राजा भोज प्रतिमा पर स्वच्छता सेवकों का शाल, श्रीफल, पगड़ी पहनाकर और उपहार भेंट कर सम्मान किया. इस अवसर पर मिष्ठान वितरण भी किया गया और लोगों ने जमकर आतिशबाजी भी की. गुरुनानक मंडल ने जोन 5 स्वास्थ्य विभाग सहायक स्वास्थ्य अधिकारी आसिफ नजीर, प्रभारी दरोगा वार्ड 8 समीर अहमद, रितेश, भगवान दास, भूपेंद्र सिंह परिहार, विवेक बम्हन, नईम भाई, अमान, सलमान, वीरेंद्र, लालमन, अमान, सुनील, मूलचंद सहित ज़ोन 5 के स्वछता सेवकों का सम्मान किया. गुरुनानक मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि यह उपलब्धि भोपाल के लिए गर्व की बात है.

टीआई ने विद्यार्थियों से कहा- नशे से दूर रहें

बैरसिया, 17 जुलाई. बैरसिया के भोपाल रोड पर अर्जुन शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या विहार स्कूल में गुरुवार को टीआई वीरेंद्र सेन एवं स्कूल समिति सचिव समाज सेवी दीपक दुबे ने नशा से दूरी जरूरी अभियान के तहत छात्रों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई.

टीआई सेन ने बताया कि नशे की लत मनुष्य के लिए नुकसानदायक है. इससे मुक्ति के लिए पुलिस प्रशासन ने एक बड़ा अभियान चलाया है.

उन्होंने कहा कि नशे के कारण रोज अनेकों घटनाएं - दुर्घटनाएं हो रही हैं. यदि हमने समय रहते इसको रोकने का प्रयास नहीं किया तो नशा ही नाश का मूल कारण बन जाएगा. समिति सचिव दीपक दुबे ने कहा कि समाज में बढ़ती नशे की लत से कैसे दूरी बनाएं, इस पर टिप्स दिए. उन्होंने कहा कि हमें नशा से दूरी बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए. इस अवसर पर स्कूल के भैया-बहनों ने नाटक के माध्यम से नशे से मुक्ति का संदेश दिया.

ग्रामीणों को दिलाई शपथ

नजीराबाद थाना परिसर में गुरुवार को थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना इलाके के लगभग 25 गांव के लोगों और नगर सुरक्षा समिति सदस्यों को नशे से दूरी बनाने की शपथ दिलाई. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नशा अभिशाप है. घटना-दुर्घटनाओं का कारण भी नशा है. इसलिए हम सभी को हमारे परिवार, आसपास के लोगों और गांव व शहर के लोगों को नशे से दूरी बनाने के लिए जागरूक करें.

ग्वालियर स्वच्छता में 14वां स्थान पर

ग्वालियर. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में आज ग्वालियर को राष्ट्रीय स्तर पर 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में 14वां स्थान प्राप्त हुआ है. गत वर्ष 16 स्थान प्राप्त हुआ था. वहीं मध्य प्रदेश राज्य में ग्वालियर को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है. इसके साथ जीएफसी 3 स्टार रेटिंग एवं ओडीएफ स्टेट्स अंतर्गत वाटर प्लस प्राप्त हुआ. ग्वालियर शहर को मिनिस्ट्रियल अवार्ड (स्टेट लेवल) पर नामांकित किया गया है. इस श्रेणी में ग्वालियर पूरे मध्य प्रदेश में इकलौता शहर है.

मांडू में कांग्रेस का चिंतन शिविर 21 से

राहुल को भी न्योता, 2028 चुनाव पर फोकस

भोपाल, 17 जुलाई. मध्य प्रदेश कांग्रेस अपने विधायकों को 2028 के विधानसभा चुनाव के लिए तैयार करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है. इसी कड़ी में धार जिले के मांडू में 21 और 22 जुलाई को दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है.

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया कि इस शिविर में पार्टी की नई रणनीति और दृष्टिकोण पर चर्चा होगी. शिविर में सोशल मीडिया, संगठनात्मक मजबूती, जमीनी मुद्दों और जनसंपर्क पर विशेष फोकस रहेगा. इस अवसर पर दिल्ली से कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, वरिष्ठ नेता अजय माकन सहित कई राष्ट्रीय नेता उपस्थित रहेंगे. राहुल गांधी को भी शिविर में शामिल होने का निमंत्रण भेजा गया है. उमंग सिंघार ने मुख्यमंत्री के दुबई दौरे पर तंज कसते हुए कहा कि दुनिया दुबई में निवेश कर रही है और हमारे मुख्यमंत्री चाहते हैं कि दुबई मध्य प्रदेश में निवेश करे. यह हास्यास्पद है, जनता के पैसों की बर्बादी है.

> उन्होंने एमपी में खाद की कमी पर भी सरकार को आड़े हाथों लिया. सिंघार ने सवाल उठाया कि जब खाद की कमी की बात होती है, तब किसान संघ क्यों गायब हो जाता है? साथ ही उन्होंने पूछा कि कृषि मंत्री यह स्पष्ट करें कि बाहर से कितनी खाद मंगाई गई और कालाबाजारी हो रही है या नहीं. यह शिविर कांग्रेस के लिए संगठन को एकजुट और मजबूत करने का एक अहम प्रयास माना जा रहा है.

पश्चिम मध्य रेल

उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट शाखा-भोपाल)

खुली निविदा

उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांकः** BPL-PROJECT-EPC-2025-02, दिनांक 15.07.2025. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः 3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए पश्चिम मध्य रेल के भोपाल डिवीजन के इटारसी से खंडवा सेक्शन के बीच 132 केवी/2x25 केवी स्कॉट से जुडे ट्रैक्शन सब स्टेशन और स्विचिंग पोस्टों का डिजाइन/संशोधन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, एटी सहित स्काडा (सुपरवाइजरी कण्ट्रोल एंड डाटा एक्वीजीशन) कार्य। निविदा की कीमतः** ₹ 1504430000/-. **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदी जा सकती हैः** उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट) भोपाल। **बयाना राशिः ₹ 7520000/-. समापन अवधिः 540** दिन। **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (14.00 बजे तक):** 21.08.2025, 14.00 Hrs. **2.11.4 (i) के अनुसार तकनीकी बोलिया खोलने का समयः** 29.08.2025, 11.00 Hrs. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

नाम परिवर्तन

QURESHA BEE W/O GULAM QADIR आयु वयस्क निवासीः D-49 मयूर विहार सेठी नगर भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम QURESHA और मेरे पति का नाम GULAM QUADIR दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम QURESHA BEE और मेरे पति का नाम GULAM QADIR हो गया है अब मुझे और मेरे पति को इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा. आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद-विवाद होता है तो इसकी ज़िम्मेदार स्वयं में रहूँगी.

CHANGE NAME & DOB

I Meena Devi is mother of Army No JC-779183M Sub Binod Kumar, Resident at VPO-Marar, Teh-Khagaria, Dist-Khagaria, State-Bihar, PIN-851205 have change my Name Rukmani Devi to Meena Devi and change my DOB 15 May 1962 to 01 Jan 1960, My all docus vide Affidavit No CV-082570 or CV-082543 dt-02 Jul 2025 at.

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम- मिनी रत्न कंपनी)

क्षेत्रीय कार्यालयः शेखपुरा, राजाबाजार, पटना- 800 014 (बिहार)

Contact No : 6287501813

विपणन-3/ ई-निविदा/(चारा)रा०बी०नि०लि० – पटना/ 2025-26/ दिनांकः 17.07.2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय बीज निगम लि. (भारत सरकार का उपक्रम) क्षेत्रीय कार्यालय, पटना, द्वारा दो बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड) मे - जई, बरसीम, लूसर्न, चाइनीज़ कैबेज, राईसबिन, के प्रमाणित/सत्यापित बीजों को क्रय करने हेतु सरकारी/ सहकारी संस्थाओं/ प्रतिष्ठित बीज उत्पादनकर्त्ता संस्थाओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा, दिनांक 07.08.2025 समय 15:00 बजे तक ही प्राप्त की जायेंगी। निविदा की समस्त नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.indiaseeds.com, https://indiaseeds.enivida.com पर उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार शुद्धिपत्र इत्यादि राष्ट्रीय बीज निगम लि. की वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम-मिनी रत्न कंपनी)

क्षेत्रीय कार्यालयः शेखपुरा, राजाबाजार, पटना-800014, (बिहार)

Contact No.: 6287501813

विपणन-3/ई-निविदा/(रबी-झारखंड)रा०बी०नि०लि०-पटना/2025-26 **ई-निविदा सूचना** दिनांक:17.07.2025

राष्ट्रीय बीज निगम लि. (भारत सरकार का उपक्रम) क्षेत्रीय कार्यालय, पटना, द्वारा झारखंड राज्य में बिक्री हेतु, दो बीड सिस्टम (तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड) मे– गेहूँ, चना, मसूर, मटर, सरसों, तोरिया व अलसी (तीसी) प्रमाणित बीजों को क्रय करने हेतु सरकारी/सहकारी संस्थाओं/ प्रतिष्ठित बीज उत्पादनकर्त्ता संस्थाओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा, दिनांक 07.08.2025 समय 14:00 बजे तक ही प्राप्त की जायेंगी। निविदा की समस्त नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.indiaseeds-com, https://indiaseeds-enivida-com पर उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार शुद्धिपत्र इत्यादि राष्ट्रीय बीज निगम लि. की वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी।

विपणन-3/ई-निविदा/(Rabi_BR)रा०बी०नि०लि०-पटना/2025-26 **ई-निविदा सूचना** दिनांक:17.07.2025

राष्ट्रीय बीज निगम लि. (भारत सरकार का उपक्रम) क्षेत्रीय कार्यालय, पटना, द्वारा बिहार राज्य में आपूर्ति हेतु दो बीड सिस्टम (तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड) मे– गेहूँ, चना, मसूर, सरसों एवं तोरिया प्रमाणित बीजों को क्रय करने हेतु सरकारी/सहकारी संस्थाओं/प्रतिष्ठित बीज उत्पादनकर्त्ता संस्थाओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा, दिनांक 07.08.2025 समय 14:00 बजे तक ही प्राप्त की जायेंगीद्य निविदा की समस्त नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.indiaseeds-com, https://indiaseeds-enivida-com पर उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार शुद्धिपत्र इत्यादि राष्ट्रीय बीज निगम लि. की वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक

पश्चिम मध्य रेल

म.रे.प्र./कार्य/भोपाल ■ खुली ई-निविदा सूचना ■ दि. 14.07.2025

वरिष्ठ मण्डल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई–टेन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिए कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानुन 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें। **NIT No.:** 25-26-HQ-08-46, Date 07.07.2025. **Name of work including Location: भोपाल - एसएसई/वर्क्स/भोपाल के अधीन जल पाइप लाइन की रिपेयर एंड मेंटनेंस कार्य. Published cost of tender:** ₹ 40,25,443.24. **Earnest Money:** ₹ 80,500/-. **Completion Period:** 24 माह। **Last date for submitting tender:** 30.07.2025 **NIT No.:** 25-26-HQ-09-47, Date 08.07.2025. **Name of work including Location: भोपाल मंडल - स्टेशनरी वॉचमैन के लिए एम.एस. स्टील शेल्टर केबिन की आपूर्ति एवं स्थापना। Published cost of tender:** ₹ 12,70,975.78. **Earnest Money:** ₹ 25,400/-. **Completion Period:** 3 माह। **Last date for submitting tender:** 31.07.2025.

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय वनमंडलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमंडल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमंडल के अधीनस्थ काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में उपलब्ध इमारती काष्ठ/ जलाऊ, आर.टी.एल. एवं खैर काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है. इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेंगे. ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय अथवा काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त कर सकते हैं.

डिपो का नाम- काष्ठागार मनेंद्रगढ़ नीलाम दिनांक- 29.07.2025 नीलाम समय- प्रातः 09.00 बजे से प्रारंभ

		नए काष्ठ		पुराने काष्ठ	
क्र.	प्रजाति	लट्ठा घ.मी.	बल्ली नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली नग
1.	सागौन	0	0	68.657	1523
2.	साल	332.082	475	935.864	447
3.	साजा	81.144	84	26.169	159
4.	सतकठा	2.563	23	0.807	51
5.	खम्हार	0	0	11.799	242
6.	हल्दू	1.510	0	0.393	0
7.	धावड़ा	37.715	76	3.634	0
8.	सलैया	0	0	1.265	0
	योग	455.014	658	1048.588	2422

		निरस्त काष्ठ		अविकृत काष्ठ	
	काष्ठ	नग	घ.मी.	नग	घ.मी.
09.	खैर	44	2.518	168	10.686
10.	आर.टी.एल. काष्ठ	0	0	1630	48.024

	जलाऊ काष्ठ		
क्र.	विवरण	नया लॉट	पुराना लॉट
11.	जलाऊ मिश्रित	176 चट्टा	319 चट्टा

टीपः-
1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-Commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है.
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राइज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है. सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत ईएमडी की राशि जमा करना अनिवार्य है.
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-Commerce पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते हैं.

252602217/10 वनमंडलाधिकारी, मनेन्द्रगढ़ वनमंडल मनेन्द्रगढ़

खंड-1

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश शासन

कार्यालय- पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल, मध्यप्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 20/ई-टेंडरिंग/2025-26 **दिनांक 11/07/2025**

1. वनमंडलाधिकारी, पश्चिम बैतूल (सा0) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथासंशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित साम्ग्री के क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

क्र.	सामग्री का विवरण	सामग्री का नाम/स्पेसीफिकेशन	अनुमानित मात्रा	सत्यंकार की निधि (रु.में)	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
1.	उपजाऊ मिट्टी (काली)	उपजाऊ मिट्टी ह्मस की पर्याप्त मात्रा युक्त, छिन्द्र युक्त (पोरस मिट्टी) एवं प्लास्टिक एवं अन्य हानिकारक अपशिष्ट रहित एवं कंकर, पत्थर से रहित, मिट्टी सूखी हुई हो.	2000 cmt	30000	1000/-
2.	गोबर खाद	गोबर खाद (1) दो वर्ष पुरानी सड़ी हुई 15 प्रतिशत से कम नमी युक्त खाद. (2) अन्य अपशिष्ट पदार्थ जैसे कंकड़, पत्थर, प्लास्टिक इत्यादि रहित.	2700 cmt	52000	

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं.
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक) 15-07-2025 बजे 02:00 PM से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते हैं.
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी.
- निविदा पूर्व बैठक दिनांक 25-07-2025 समय 04:00 PM को कार्यालय वनमंडल पश्चिम बैतूल (सा.) में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं. विडियो कॉन्फ्रेंस का लिंक प्राप्त करने हेतु E-mail : dfotwbetul@mp.gov.in पर दिनांक 24-07-2025 तक अपना संपर्क सूत्र प्रेषित करें. विडियो कॉन्फ्रेंस की लिंक दिनांक 25-07-2025 को आपके द्वारा प्रदाय संपर्क सूत्र पर सूचित किया जावेगा. निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होंगे जिन्होंने ई-टेंडर फार्म खरीदे हैं.
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं.
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल - https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल

जी- 15796/25

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन, जिला रायसेन

प्रकरण क्रमांक 122/बी-121/2024-25

उद्घोषणा

(धारा 6, भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम मिर्जापुर प.ह.नं. 55 तहसील व जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि, निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा-4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है. तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 24 अप्रैल 1970 को प्रकाशित की जा चुकी है. जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई है. यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित हो जावेगा. उल्लंघन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी.

अत: एतद् द्वारा अपेक्षा की जाती है कि, इस उद्घोषणा के प्रकाशन दिनांक से तीन माह की अवधि के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्व आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजों सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करें तथा प्रमाणित करें. उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा.

आज दिनांक 10.07.2025 को उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा से जारी.

अनुविभागीय अधिकारी
पदेन वन व्यवस्थापन अधिकारी
अनुभाग रायसेन जिला रायसेन

जी- 15763/25

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"

(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

We have received sanctions for providing employment for the following Project Affected Persons (PAPs) of Sohagpur Area against the land acquired by the Company in Rampur Villages for Rampur-Batura OC Khannath Village for Khairha UG: (Belongs to Shahdol District).

Sl.	Name of PAPs (S/Sri/Smt.)	Sanction letter No. and date
1	Mevalal Rathour S/o Gayaprasad Rathour	L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E -1506435: 610 Dtd. 15.06.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG).
2	Deepu Rathour S/o Sethelal Rathour	-Do-
3	Virendra Kumar Patel S/o Kuntali Patel	L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E -1763821: 520 Dtd. 04.06.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG).
4	Prabhu Dhyanu Patel S/o Kuntali Patel	-Do-
5	Ajay Kumar Patel S/o Dileep Kumar Patel	
6	Shashi Bhushan Tripathi S/o Chandrabhushan Tripathi	L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E -1687233: 1781 Dtd. 04.01.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG).

The verification report has already been received from SDO (Rev.), Shahdol (MP) in respect of the above Project Affected Persons.

Accordingly, Management Representative of Sohagpur Area consulted to Principal, Govt. Nehru P.G. College Distt. Shahdol (MP) who has fixed up the date of interview on 21/07/2025. The interview will be held in **R.C. Club SECL Sohagpur Area on 21/07/2025 at 10.30 AM**.

Similarly the project / village belongs to Anuppur District)(MP), the interview date has been scheduled on **22-07-2025 at R.C. Club SECL Sohagpur Area**. The details of these cases is as under

Sl.	Name of PAPs (S/Sri/Smt.)	Sanction letter No. and date
1	Shyamlal S/.o Ramjiyawan Paw	L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E -1873476: 764 Dtd. 07/08.07.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG).
2	Kajal Paw D/o Shyamlal Paw (Minor)	-Do-
3	Ranibai D/o Heeralal Mahra (W/o Lallu Mahra)	L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E -1719779: 765 Dtd. 07/08.07.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG).
4	Buddhsen S/o Heeralal Mahra	-Do-
5	Jivan Singh S/o Suraj Singh	L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E -1612192: 519 Dtd. 04.06.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG).
6	Mahesh Singh S/o Suraj Singh	-Do-
7	Amit Singh S/o Lushan Singh	-Do-
8	Poonam Singh D/o Hemraj Singh	L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E -1336257: 1778 Dtd. 04.01.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG).

As per terms & conditions communicated by the Company Secretary, SECL, Bilaspur, at Point No. 11, it is instructed that notice for interview/selection is also to be published in the newspaper so that if there is any complaint or chance of impersonation is defeated, and full transparency is maintained.

SO (HR),
SECL, Sohagpur Area

SECL/25-26/97